तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 18 जून 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4 बदहाल बिजली व्यवस्था से आक्रोशित वार्डवासियों ने सौंपा ज्ञापन




## खबर संक्षेप

### विभिन्न पदों पर संविदा भर्ती हेतु आवेदन 30 तक

**कोरबा।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत स्टाफ नर्स के 6 पदों, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट के 13 पद, ड्रेसर के 4 पदों, फार्मासिस्ट के 6 पद, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला के 5 पद, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष के 9 पदों पर संविदा भर्ती हेतु पात्र इच्छुक अभ्यार्थियों से 30 जून को शाम 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के शासकीय वेबसाईट में उपलब्ध है। जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

### जिले में होंगे व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम

**कोरबा।** जिले में 26 जून तक नशा मुक्त भारत सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। राज्य शासन के निर्देशानुसार आयोजित इस विशेष अभियान के अंतर्गत जिले के विद्यालयों, महाविद्यालयों, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में विविध जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने के लिए सामूहिक शपथ, पोस्टर निर्माण, निबंध प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक तथा संवादात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन गतिविधियों के माध्यम से समाज में नशामुक्ति के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करने का प्रयास किया जाएगा। अभियान के दौरान 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग एवं वेलनेस आधारित विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से युवाओं और नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया जाएगा।

### सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा में लोक कलाकार होंगे शामिल

**कोरबा।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के एक हजार वर्ष पूर्ण होने पर 22 से 26 जून तक सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा रायपुर से सोमनाथ गुजरात तक आयोजित की जा रही हैं। सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा में जिले से 20 विशिष्टजन, राष्ट्रीय-राज्य सम्मान से सम्मानित कलाकार, लोक कलाकार, साहित्यकार 22 जून को सुबह 7 बजे विशेष ट्रेन से सोमनाथ गुजरात के लिए रवाना होंगे। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा गुजरात जाने हेतु कार्य संपादन के लिए पूर्णन्दु तिवारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत पाली को नोडल अधिकारी एवं सतीश प्रकाश सिंह प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिमगा, विकासखण्ड - पोड़ीउपरोड़ा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया हैं। 22 जून की सुबह विशेष ट्रेन से सोमनाथ गुजरात के लिए रवाना होंगे। जिले का दल 22 से 26 जून तक सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा पूर्ण कर 27 जून को कोरबा वापस आएंगे।

### दिव्यांग बच्चों के शत-प्रतिशत यूडीआईडी कार्ड निर्माण के दिए निर्देश

**कोरबा।** विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने जिले के प्री-प्राइमरी, एलिमेंट्री एवं सेकेंडरी विद्यालयों में नामांकित दिव्यांग बच्चों के यूडीआईडी (यूनिक डिसेबिलिटी आईडी) कार्ड का शत-प्रतिशत निर्माण कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देशानुसार 3 से 18 वर्ष आयु वर्ग के सभी पात्र दिव्यांग बच्चों की जानकारी संकलित कर उनका यूडीआईडी कार्ड समयबद्ध रूप से बनाया जाएगा। इसके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण एवं समग्र शिक्षा विभाग को आवश्यक समन्वय स्थापित कर कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा गया है।

# प्रमोशन के बाद भी शिक्षकों की नहीं हो रही स्कूलों में पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

याख्याता से प्राचार्य के पद पर 6 माह पूर्व जारी की गई पदोन्नति सूची के बाद भी शिक्षकों को पदस्थापना का इंतजार बना हुआ है। अब तक प्रमोशन सूची पर अमल नहीं होने के कारण शिक्षकों के सामने असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उन्हें विभागीय आदेश का इंतजार बना हुआ है।

शिक्षा विभाग के द्वारा बीते जुलाई महीने में प्रमोशन सूची जारी की गई थी। उक्त सूची में जिले के भी कुछ व्याख्याता पदोन्नत हुए थे। जिनकी पदस्थापना को लेकर निर्देश जारी होना था। किन्तु अब तक कोई विभागीय निर्देश नहीं आने से इनके समक्ष यह स्थिति बनी हुई है कि उनकी पदस्थापना कब की जाएगी। ऐसी स्थिति के कारण शिक्षण सत्र शुरू होने के समय यह संभावना थी कि नई पदस्थापना के आदेश जारी हो जाएंगे। 6 माह बीत गए हैं पदस्थापना को किन्तु नए संशोधन के तहत शिक्षकों की पदस्थापना जारी होनी थी। इस संबंध में लोक शिक्षण संचनालय के द्वारा भी अधिकृत पत्र विभाग के द्वारा जारी नहीं किया गया है। जिले से 15 व्याख्याताओं को ⏭ शेष पेज 3 पर

## विभागीय आदेश का है 6 माह से इंतजार

### खास बातें

- डीपीआई ने जारी की थी व्याख्याता की पदोन्नति सूची
- पदोन्नति के लिए जारी हुए थे काउंसलिंग के आदेश



### पुराने वेतनमान पर काम करने की मजबूरी

पदोन्नति के बाद शिक्षकों को 9300 से 34800 ग्रेड पे 4300 के आदेश के बाद भी पुराने पद व वेतनमान पर काम करने की मजबूरी बनी हुई है। 20 अप्रैल को शिक्षकों के प्रमोशन को लेकर प्रस्ताव भेजा गया है। पर अब तक काउंसिलिंग की तारीख तय नहीं की गई है। जबकि सेवा भर्ती पदोन्नति अधिनियम 2019 के तहत तत्काल काउंसिलिंग कराकर पदस्थापना किए जाने के निर्देश दिए गए हैं और यह अनिवार्य भी किया गया है।

### डीपीआई ने नहीं आयोजित की काउंसिलिंग

डीपीआई के द्वारा बीते जनवरी माह में अपने आदेश के तहत प्रमोशन सूची जारी करने के बाद काउंसिलिंग के निर्देश दिए गए थे। सभी संभागीय मुख्यालय में काउंसिलिंग आयोजित किया जाना था। लेकिन 6 माह बीतने के बाद भी संभागीय मुख्यालय में काउंसिलिंग आयोजित नहीं किए जाने से शिक्षकों की पदस्थापना नहीं की जा रही है। इससे जिले के हाई स्कूलों में रिक्त पड़े व्याख्याताओं के पद पर पदस्थापना नहीं होने से नए शिक्षण सत्र में भी छात्रों को व्याख्याताओं के कमी से जूझना पड़ेगा।

## सेंट्रल फ्लाईंग स्क्वाड की टीम ने झीका और कुदमुरा में मारा छापा

# झीका में उड़ते ड्रोन ने पकड़ा अवैध उत्खनन चैन माउंटेन मशीन व अवैध भंडारण जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन करने वाले रेत माफियाओं के खिलाफ खनिज विभाग ने अब तक की सबसे बड़ी और हाईटेक कार्रवाई की है। सेंट्रल फ्लाइंग स्क्वाड की टीम ने हसदेव नदी के तटीय इलाके में ड्रोन कैमरे की मदद से छापेमारी कर अवैध भंडारण और भारी मशीनों को रंगे हाथों पकड़ा है। इस बड़ी कार्रवाई से तस्करों और खनिज माफियाओं में हड़कंप मच गया है। जिले में 10 जून से सभी रेत घाट 15 अक्टूबर तक के लिए बंद कर दिया गया है। बारिश में रेत निकासी पूरी तरह से बंद होने के बाद भी जिले के रेत तस्कर खनिज विभाग के आंखों में धूल झोंककर नदी नालों में चैन माउंटेन मशीन लगाकर रेत की निकासी कर भंडारण कर रहे थे। रायपुर सेंट्रल फ्लाइंग स्क्वाड को लंबे समय से हसदेव नदी के किनारे अवैध गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद टीम ने ग्राम झीका में हसदेव नदी के किनारे विशेष निगरानी अभियान चलाया। आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए टीम ने इलाके में ड्रोन उड़ाकर संदिग्ध गतिविधियों की टोह ली। जहां ड्रोन से मिले लाइव विजुअल्स में नदी के किनारे एक विशाल चैन माउंटेन मशीन (पोकलेन) चलती हुई दिखाई दी, जो अवैध रूप से खनिज का उत्खनन कर वहां भारी मात्रा में भंडारण कर रही थी। जिसके बाद रायपुर से पहुंचे खनिज अधिकारी हीरालाल भारद्वाज, अवधेश बारीक, खिलावन कुलहरिया सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों की टीम ने ड्रोन कैमरों से अवैध भंडारण और मशीन की पुख्ता लोकेशन मिलते ही सेंट्रल खनिज विभाग की टीम ने बिना वक्त गंवाए मौके पर दबिश दी। अचानक हुई इस छापामार कार्रवाई से मौके पर मौजूद तस्करों और मजदूरों में भगदड़ मच गई। खनिज विभाग की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चैन माउंटेन मशीन को सील कर दिया है साथ ही ग्राम गितारी में अवैध भंडारण को भी जब्त किया गया है। खनिज विभाग के इस कार्यवाही से रेत तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

### खास बात

- खनिज विभाग की सख्ती के बाद भी रेत तस्कर कर रहे थे अवैध उत्खनन



ड्रोन कैमरे से ली गई झीका में अवैध भंडारण की तस्वीर।



सीएम पोर्टल की शिकायत का भी नहीं दिखा असर

रेत माफिया बेखौफ, जोगीपाली में खड़ा हो रहा रेत का पहाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हरिभूमि में प्रकाशित खबर की कतरन।

### कुदमुरा में भी पहुंची थी टीम

बताया जाता है कि सेंट्रल फ्लाइंग स्क्वाड की टीम ने ग्राम झीका और गितारी में दबिश देने के बाद यह टीम ड्रोन कैमरा लेकर सीधे वनांचल क्षेत्र कुदमुरा पहुंची जहां टीम ने दबिश दी, जहां पाया गयाकि मौके पर एक चेन माउंटेन मशीन खड़ी हुई है और भंडारण भी पाया गया। जब सेंट्रल की टीम ने मौके पर जांच की तो पता चला कि उक्त चेन माउंटेन मशीन को पहले ही जिला खनिज विभाग की टीम ने जब्त कर सील कर दिया था और भंडारण पर भी कार्यवाही की थी जिसके बाद सेंट्रल खनिज विभाग की टीम वापस लौट गई है।

# एसईसीएल के सीएमडी ने गेवरा खदान में मानसून तैयारियों का लिया जायजा



खदान का निरीक्षण करते सीएमडी व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने बुधवार को गेवरा मेगा परियोजना का गहन निरीक्षण कर मानसून तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा उत्पादन गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को मानसून के दौरान सुरक्षित एवं निर्बाध कोयला उत्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीएमडी ने डीईपी, केजेएसएल, देव माइनिंग, सैनिक माइनिंग तथा पीएनसी पैच सहित विभिन्न कार्यस्थलों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कोयला उत्पादन एवं ओवरबर्डन हटाने के कार्यों का जायजा लिया तथा 42 क्यूबिक मीटर क्षमता वाले शॉवेल के संचालन का निरीक्षण करते हुए उत्पादकता एवं परिचालन दक्षता बनाए रखने पर जोर दिया। मानसून को ध्यान में रखते हुए श्री दुहन ने विभिन्न पंपिंग स्टेशनों एवं जल निकासी व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वर्षा के दौरान खदानों में जलभराव की स्थिति से बचने तथा खनन कार्यों को निर्बाध बनाए रखने के लिए प्रभावी ड्रेनेज एवं डी-वाटरिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीएमडी ने कहा कि मानसून अवधि में उत्पादन बनाए रखने के साथ-साथ सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कर्मचारियों के नियमित प्रशिक्षण, सतत निगरानी तथा सुरक्षित कार्य संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया। दौरे के दौरान उन्होंने उत्पादन, उत्पादकता, ओबीआर तथा कोयला डिस्पैच की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर श्री दुहन ने गेवरा वर्कशॉप में डंपर ऑपरेटरों के कौशल विकास के लिए जेमको द्वारा स्थापित अत्याधुनिक प्रशिक्षण सिम्युलेटर का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक आधारित प्रशिक्षण से ऑपरेटरों की कार्यकुशलता और सुरक्षा दोनों में वृद्धि होगी। निरीक्षण के दौरान गेवरा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय मिश्रा, मुख्यालय से महाप्रबंधक (ई एंड एम) श्रीकांत दास, महाप्रबंधक (उत्खनन) दीपक कुमार, महाप्रबंधक (सुरक्षा) सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### खास बात

- उत्पादन गतिविधियों की समीक्षा करते हुए सुरक्षित उत्पादन पर दिया जोर

# 15 दिन के भीतर दूसरी बार निकला किंग कोबरा, रेस्क्यू कर सुरक्षित छोड़ा जंगल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पसरखेत वनक्षेत्र अंतर्गत मदनपुर बस्ती में एक किसान के बाड़ी के समीप विशालकाय किंग कोबरा फिर दिखाई देने से क्षेत्र में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। इसकी सूचना वनपरिक्षेत्र अधिकारी पसरखेत को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही वनपरिक्षेत्र अधिकारी ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी के सर्पमित्र जितेंद्र सारथी को सूचना दी गई। जिसके बाद किंग ⏭ शेष पेज 3 पर



किंग कोबरा का रेस्क्यू करते टीम।

# ट्रक और बस में भिड़ंत, बस ड्राइवर केबिन में फंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-बिलासपुर मार्ग पर पाली के पास सड़क हादसा हो गया। यहाँ एक तेज रफ्तार ट्रक और शिव ट्रेवल्स की बस के बीच इतनी जबरदस्त भिड़ंत हुई कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और बस चालक केबिन के अंदर ही बुरी तरह फंस गया। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

### खास बात

- एक दर्जन से अधिक यात्री घायल



दुर्घटनाग्रस्त बस।

हादसे की सूचना मिलते ही पाली थाना पुलिस तत्काल दल-बल के साथ मौके पर पहुँची। स्थानीय नागरिकों और पुलिस की संयुक्त टीम ने भारी मशक्कत के बाद बस के केबिन में फंसे ड्राइवर को सुरक्षित (सकुशल) बाहर निकाला। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से ड्राइवर की जान बच सकी। मिली जानकारी के अनुसार, शिव ट्रेवल्स की यह बस कोरबा से बिलासपुर की ओर जा रही थी। हादसे के वक्त बस में लगभग 40 से 50 यात्री सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ⏭ शेष पेज 3 पर

## प्रेरित व प्रोत्साहित करते हुये कहा विद्युत उपभोक्ता से विद्युत उत्पादक बने, बिजली बिल से मुक्त हो जायें

# आयुक्त ने डोर-टू-डोर पहुंच कर सोलर पैनल लगवाने किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के वार्ड क्र. 31 राजेन्द्र प्रसाद नगर के नागरिकों से प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत घरों में सोलर पैनल लगवाने हेतु आग्रह किया, उन्होने पैदल भ्रमण करते हुये कालोनी में डोर-टू-डोर लोगों से संपर्क किया, योजना के लाभों, प्रावधानों व शासन से प्राप्त होने वाली सब्सिडी आदि की जानकारी दी तथा इसका लाभ उठाने हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित किया।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महती योजना प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का क्रियान्वयन फरवरी 2024 में आमजनता के हित में किया गया था, जनहित में लागू की गई यह योजना आवासीय परिसरों, घरों में रूफ टाप सोलर पैनल संयंत्र स्थापित कर लोगों को बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, इसके माध्यम से उपभोक्ता न केवल अपने घरेलू बिजली आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहे हैं, बल्कि अतिरिक्त विद्युत को ग्रिड में प्रवाहित कर आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर रहे हैं। भारत सरकार की यह पहल हर घर को ऊर्जा उत्पादक बनाने, बिजली हेतु आत्मनिर्भर करने तथा बिजली बिल के भार से मुक्त होने व इससे अतिरिक्त आय अर्जित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। आज आयुक्त आशुतोष पाण्डेय निगम के वार्ड क्र. 31 राजेन्द्र प्रसाद नगर में डोर-टू-डोर पैदल भ्रमण करते हुये वहां के रहवासियों से मुलाकात की, उन्हें प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी देते हुये योजना के लाभों से उन्हें अवगत कराया तथा उनसे अपील की कि वे अपने घरों में योजना के अंतर्गत सोलर पैनल लगवायें, बिजली उपभोक्ता के स्थान पर विद्युत उत्पादक बने तथा बिजली बिल के भार से मुक्त हो जाए। इस मौके पर वार्ड पार्षद अशोक चावलानी, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता भूषण उरांव, कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह, सहायक अभियंता विपिन मिश्रा, राहुल मिश्रा, अश्वनी दास आदि उपस्थित थे।



निरीक्षण करते निगम आयुक्त व अन्य।

### कोलकाता से पहुंचे पार्ट्स, जल्द होगी पानी आपूर्ति बहाल

**कोरबा।** निगम के अंतर्गत पिछले 12 दिनों से ठप्प पड़ी नल-जल योजना से परेशान कोरबा पश्चिम क्षेत्र निवासियों के लिए राहत भरी खबर है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जल प्रदाय व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए आवश्यक सभी जरूरी तकनीकी पार्ट्स कोलकाता में नगर निगम को उपलब्ध करा दिए गए हैं। गुरुवार सुबह से ही तकनीकी टीम युद्ध स्तर पर मरम्मत और सुधार कार्य में जुट जाएगी। यदि सब कुछ योजना के मुताबिक रहा, तो परसों सुबह से प्रभावित इलाकों में पानी की सप्लाई दोबारा सुचारू रूप से शुरू कर दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### विकास योजनाओं की प्रदर्शनी आज से

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतापूर्वक 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा शहर एवं ग्रामीण द्वारा 12 साल विश्वास के विकास के जनकल्याण के थीम पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्षों में हुए जनकल्याणकारी कार्यों, विकास योजनाओं एवं उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाया जाएगा। देशभर में विभिन्न चरणों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें जनसंपर्क अभियान जिला मुख्यालयों में प्रेस कॉन्फ्रेंस, क़ृषि कार्यशाला, स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों की प्रदर्शनी लगा कर आमजनों तक पहुंचाने की योजना है। भाजपा द्वारा राघवेंद्र राव सभा भवन में 18, 19 एवं 20 जून को तीन दिवसीय प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। प्रदर्शनी का उद्घाटन 18 जून गुरुवार को शाम 5 बजे किया जाएगा।

### जिला पंचायत की बैठक 22 को

**बिलासपुर।** जिला पंचायत की बैठक 22 जून को आहूत की गई है। इसके अंतर्गत सामान्य सभा की बैठक दोपहर 12 बजे एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक शाम 4 बजे होगी। बैठक की अध्यक्षता राजेश सूर्यवंशी करेंगे। सामान्य सभा की बैठक में कृषि, शिक्षा, खाद्य, स्वास्थ्य, वन, लोक निर्माण सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

# डर से बच्चों ने स्कूल जाना किया बंद, आंगन में लग रहीं कक्षाएं

## शिफ्टिंग से पहले भवन हो गया जर्जर

करहीपारा स्कूल की छत और दीवारें कभी भी गिर सकती हैं, बिरकोना स्कूल में दो दिनों से बरामदे में कक्षाएं लगाईं जा रहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में अव्यवस्था के बीच शिक्षा का नया सत्र शुरू कर दिया गया है। कहीं छत टूटे हैं तो कही डेस्क बेंच टूटे पड़े हैं। पिछले दो दिनों से अधिकतर स्कूलों में व्यवस्था बनाने में ही दिन बीत रहा है। कुछ जगहों पर फर्श पूरी तरह से खराब हो चुका है। कई जगहों पर पानी की व्यवस्था नहीं होने से शौचालय बंद हैं। भवनों की हालत खराब होने के कारण छात्रों को बरामदे, सामुदायिक भवन और अतिरिक्त कक्षाओं में पढ़ने की मजबूरी है। बिरकोना प्राथमिक स्कूल में दो दिनों से बरामदे में कक्षाएं लगाईं जा रहीं हैं तो लालखदान स्कूल भवन जर्जर है। नया भवन बन गया है, लेकिन जाने का रास्ता नहीं है। यही नहीं करहीपार का शासकीय प्राथमिक शाला का मुख्य भवन और अतिरिक्त कक्ष पिछले 3 सालों से पूरी तरह से ढहने की कगार पर पहुंच चुके हैं। स्थिति इतनी भयावह है कि स्कूल की छत और दीवारें कभी भी गिर सकती हैं, जिससे किसी बड़ी अप्रिय घटना के घटने की आशंका बनी हुई है।

विकासखंडवार जर्जर स्कूलों की बात करें तो सबसे अधिक बिल्हा ब्लाक में इनकी संख्या 100 है। यहां 88 स्कूलों की कक्षाएं अतिरिक्त कमरों में लगेंगी। बाकी सामुदायिक भवन और बरामदे में लगाई जाएंगी। इसके साथ ही कोटा में 94, तखतपुर में 65 और मस्तूरी ब्लाक में 40 स्कूलों की हालत खस्ताहाल हैं। इसकी रिपोर्ट भी संचालनालय को भेज दी गई है लेकिन कुछ नहीं हुआ और इन्हीं स्कूलों में 50 हजार से अधिक बच्चे खतरे के बीच पढ़ाई करने को मजबूर है।










**मध्यान्ह भोजन के बाद छुट्टी की**

लालखदान प्राथमिक स्कूल की दर्ज संख्या 54 है। अभी तक पहली कक्षा में एक भी एडमिशन नहीं हो सका है। स्कूल की शिक्षिका मनोरमा देवांगन ने बताया कि करीब एक किमी दूर नया स्कूल भवन तो बनाया गया है लेकिन वहां जाने का कोई रास्ता ही नहीं।

नए भवन में कुल 45 लाख में 9 कमरे बनाए गए हैं जो बिना क्लास लगे जर्जर हो रहे हैं। स्कूल में शौचालय, पानी और किचन किसी की व्यवस्था नहीं है। इसलिए पुराने भवन खस्ताहाल भवन में क्लास लगाने की मजबूरी है। बारिश के दिनो में तो एक क्लास भी नहीं लग पाती। बच्चों की मध्यान्ह भोजन के बाद छुट्टी कर दी जाती है।

## ठेकेदार ने स्कूल का काम कर दिया बंद



बिरकोना क्षेत्र का देवनगर प्राइमरी स्कूल भवन नहीं बन सका है इसलिए बच्चे पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ने को मजबूर है। दरअसल 25 लाख रुपए की लागत से बन रहे स्कूल भवन का निर्माण कार्य पिछले तीन महीने से बंद पड़ा है। ऐसे में नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के साथ ही बच्चों को करीब एक किलोमीटर दूर कोनी प्राइमरी स्कूल में शिफ्ट के नए भवन का निर्माण अधर में लटकने से 170 बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। किया जा रहा है। जर्जर स्कूल भवन को खाली तो करा लिया गया, लेकिन वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने से बच्चे खुले में पढ़ाई कर रहे हैं। हालांकि कहा जा रहा है कि बच्चों को एक किलोमीटर दूर कोनी स्कूल में शिफ्ट किया जाएगा। खास बात है कि मिड-डे बिरकोना में ही बनेगा और उसे कोनी स्कूल तक पहुंचाया जाएगा। बिल्हा बीईओ भूपेंद्र कौशिक के मुताबिक ठेकेदार से बात की जा रही है।

### व्यवस्था के हिसाब से लग रहीं कक्षाएं


फिलहाल जो व्यवस्था है, उसी हिसाब से कक्षाएं लगाईं जा रहीं है। जहां अधिक परेशानी है वहां बच्चों को दूसरे स्कूलों में शिफ्ट किया जा रहा है।

- रामेश्वर जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी

## तीन वर्षों से अत्यंत जर्जर और खंडहरनुमा स्थिति

ग्राम पंचायत करहीपार का शासकीय प्राथमिक शाला भवन पिछले तीन वर्षों से अत्यंत जर्जर और खंडहरनुमा स्थिति में पहुंच चुका है। मासूम बच्चों के सिर पर जो छत है उसका प्लास्टर भी लगातार गिर रही है, जिससे हर वक्त बच्चो के सर पर मौत का साया मंडरा रहा है। लगातार शिकायत के बाद भी जब शिक्षा विभाग मामले में सुध नहीं ले रहा है। कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी से इसकी शिकायत भी की गई है। उपसरपंच सगुना ध्रुव के साथ ही ग्रामीण गंगा मरावी, इंद्रप्रसाद और रामनाथ ध्रुव ने बताया कि कई अभिभावकों ने तो डर के मारे अपने बच्चों को स्कूल भेजना ही बंद कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि मुख्य भवन के साथ-साथ जो अतिरिक्त कमरा बनाया गया था, देखरेख के अभाव में वह भी अब पूरी तरह से जर्जर होकर अनुपयोगी हो चुका है।



## शोहदाय-ए-कर्बला की याद में उसकी देन कमेटी की तकरीर

बिलासपुर। शोहदाय-ए-कर्बला की याद में उसकी देन कमेटी के तत्वावधान में विगत 46 वर्षों से आयोजित होने वाला मोहर्रम विशेष धार्मिक कार्यक्रम इस वर्ष भी श्रद्धा एवं अकीदत के साथ प्रारंभ हो गया है। सत्यम चौक पर आयोजित इस कार्यक्रम में मोहर्रम की पहली तारीख से सातवीं तारीख तक प्रतिदिन तकरीर एवं मजलिस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता दिल्ली के मेहमाने-खुसूसी प्रो मौलाना मुख्तार अशरफ ने कहा कि मोहर्रम का महीना त्याग, सब्र, इंसाफ और हक की राह में कुर्बानी का पैगाम देता है। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन (अ.स.) ने जुल्म और अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद कर इंसानियत को सच्चाई और न्याय का रास्ता दिखाया। कर्बला का वाकया केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि हर दौर के लोगों के लिए सब्र, हिम्मत और इंसानियत का संदेश है। उन्होंने बताया कि कठिन परिस्थितियों में भी इमाम हुसैन और उनके साथियों ने अल्लाह की रजा पर राजी रहते हुए हक का साथ नहीं छोड़ा। हदीस के मुताबिक रमजान के बाद मोहर्रम के रोजे सबसे अफजल माने गए हैं। इस मुबारक महीने के शुरुआती दिनों में अधिक से अधिक इबादत, तिलावत और नेक अमल करने चाहिए।

# फर्जी पावर ऑफ अटार्नी के आधार पर नजूल जमीन का सौदा, राबिंसन पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फर्जी पावर ऑफ अटार्नी के आधार पर मंदिर चौक स्थित नजूल जमीन का सौदा करने के मामले में सिविल लाइन थाना ने 'छत्तीसगढ़ डायोसिस सीएनआई' के कोषाध्यक्ष जयदीप रॉबिन्सन पर धारा 420 के तहत एफआईआर दर्ज किया है। यह कार्रवाई सिविल कोर्ट द्वारा सिविल लाइन थाना प्रभारी को दी गई अवमानना की चेतावनी के बाद हुई है।

- **सिविल कोर्ट द्वारा सिविल लाइन थाना प्रभारी को दी गई अवमानना की चेतावनी के बाद दर्ज हुआ प्रकरण**
- **मंदिर चौक स्थित नजूल जमीन बिक्री का मामला, यूसीएमएस का अध्यक्ष ही नहीं था जयदीप राबिंसन**

यूनाइटेड क्रिश्चियन मिशनरी सोसायटी, बिलासपुर की जमीन का अवैध तरीके से सौदा करने का यह मामला वर्षों पुराना है। आरोप है कि जयदीप रॉबिन्सन ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए इस जमीन को मंगला निवासी संजय लूथर और तखतपुर निवासी अजय लूथन को बेचने का प्रयास किया। दर्ज एफआईआर के मुताबिक वर्ष 2017 में भूमि विक्रय के लिए शिकायतकर्ता के साथ एक इकरारनामा किया गया। इस सौदे के एवज में शिकायतकर्ता से 10 लाख नकद, 2.5 लाख चेक के माध्यम से और 60 हजार अतिरिक्त राशि ऐंठ ली गई। पैसे लेने के बावजूद न तो भूमि की रजिस्ट्री की गई और न ही शिकायतकर्ता को उसके पैसे वापस लौटाए गए।

### कोर्ट के आदेश के बाद भी पुलिस की टालमटोल

धोखाधड़ी का शिकार होने के बाद पीड़ित ने वर्ष 2021, 2022 और 2023 में लगातार पुलिस अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन न्याय नहीं मिला। थकहारकर शिकायतकर्ता ने न्यायालय की शरण ली। धारा 156(3) के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया। कोर्ट ने अपराध सिद्ध पाए जाने की प्रारंभिक पुष्टि पर सात दिनों के भीतर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। इसके बावजूद सिविल लाइन थाने ने रिपोर्ट दर्ज करने में टालमटोल की। इस निष्क्रियता पर कड़ा रुख अपनाते हुए 16 जून 2026 सिविल कोर्ट ने सिविल लाइन थाना इंचार्ज को अवमानना नोटिस जारी किया। नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि एक हफ्ते के भीतर रॉबिंसन पर कार्रवाई नहीं की गई, तो थाना प्रभारी के ऊपर न्यायालय की अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद पुलिस तुरंत सक्रिय हुई और आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी (धारा 420) का मामला दर्ज किया गया।

### मुख्तियारनामा में यह अधिकार ही नहीं कि जमीन बेचे

पूरा मामला शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित जमीन की धोखाधड़ी का है। मंदिर चौक स्थित नजूल जमीन प्लॉट 48/2 कुल क्षेत्रफल 10115 स्क्वायर फीट में से 1130 स्क्वायर फीट जमीन को जयदीप रॉबिंसन ने बेचने का सौदा 23 नवंबर 2017 को किया। जयदीप रॉबिंसन यह पैसे यूसीएमएस यूनाइटेड क्रिश्चियन मिशन से प्राप्त मुख्तियारनामा के आधार पर ली। कोर्ट ने पाया कि जयदीप रॉबिंसन यूसीएमएस का अध्यक्ष ही नहीं था और उसके पक्ष में निष्पादित मुख्तियारनामा उसे यह अधिकार नहीं देता था कि वह भूमि का बिक्रय करें। यह भी पाया गया कि पॉवर ऑफ़ अटॉर्नी जमीन को लीज पर देने के लिए अधिकृत नहीं करती थी।

# बहतराई खेल प्रशिक्षण केन्द्र में निर्माण और मरम्मत कार्यों में देरी भड़के डिप्टी सीएम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव ने आज बिलासपुर में स्वर्गीय बी.आर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई का औचक निरीक्षण कर निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की धीमी प्रगति पर अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों के प्रति कड़ी नाराजगी जताई।

उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कार्यों को जल्दी पूरा करने, सुविधाएं बढ़ाने तथा प्रशिक्षण केंद्र की अधोसरंचना को मजबूत करने जिला प्रशासन, लोक निर्माण विभाग तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने निरीक्षण के दौरान मैपलवुड फ्लोरिंग, तीरंदाजी मैदान, हॉकी गैलरी एवं फ्लड लाइट, कबड्डी इण्डोर व आउटडोर मैदान, एच.व्ही.ए.सी. कार्य तथा आउटडोर स्टेडियम के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से हॉस्टल के रखरखाव की जानकारी लेते हुए नाराजगी व्यक्त की कि जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) मद से राशि उपलब्ध होने के बावजूद आवश्यक मेंटेनेंस कार्य समय पर नहीं किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संसाधनों की उपलब्धता के बाद भी काम में देरी स्वीकार्य नहीं है। उप मुख्यमंत्री ने कार्यों की धीमी गति पर नाखुशी जाहिर करते हुए अधिकारियों से कहा कि बिलासपुर प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा मुख्यालय है। यहां खिलाड़ियों की सुविधा बढ़ाने किए जा रहे कार्यों की गति बहुत धीमी है।

## जैविक खेती से गांव समृद्ध और किसान बनेंगे आत्मनिर्भर : साव

**बिलासपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कृषि विभाग की एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजना अंतर्गत कृषि महाविद्यालय में आयोजित जैविक कृषि कार्यशाला का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जैविक खेती से गांव समृद्ध होंगे और किसान आत्मनिर्भर बनेंगे। उप मुख्यमंत्री ने किसानों से जैविक खेती अपनाने का आहवान भी किया। कार्यक्रम में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, सभापति अंबालिका साहू, जागेंद्र कश्यप, रतनपुर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष लवकुश कश्यप, नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, डॉ.आरकेएस तोमर, राजेश सिंह, राकेश तिवारी, धीरेंद्र दुबे, दिनेश कौशिक आदि मौजूद थे। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति गांव, किसान और जनभागीदारी में निहित है। किसानों का परिश्रम देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है और राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ. गीत शर्मा ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें टिकाऊ कृषि पद्धतियों से जोड़ना है।




### कलेक्टर की बनाई हुई कमेटी करेगी बुनियादी सुविधाओं की जांच

# बिलासपुर गुड्स शेड बंद, उसलापुर से होगा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उसलापुर गुड्स शेड में मजदूर और व्यापारियों के लिए रेस्ट रूम, टॉयलेट, पीने का पानी उचित पहुंच योग्य सड़क, शेल्टर और शेड जैसी बुनियादी सुविधाएं है या नहीं इसकी जांच अब कलेक्टर के द्वारा बनाई हुई एक समिति करेगी। हाईकोर्ट के जस्टिस ए के प्रसाद की बेंच ने यह आदेश दिया है। समिति में जिला प्रशासन के अलावा रेलवे के अधिकारी भी होंगे। इस समिति को 13 जुलाई तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है।



- **हाईकोर्ट ने दिया आदेश, समिति में जिला प्रशासन के अलावा रेलवे के अधिकारी भी होंगे**
- **समिति को 13 जुलाई तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है, 15 जुलाई को होगी अगली सुनवाई**

15 जुलाई को इस मामले की आगे सुनवाई होगी।

गौरतलब है कि रेलवे कामगार मजदूर यूनियन और बिलासपुर नया माल गोदाम ट्रक मालिक संघ के द्वारा बिलासपुर गुड्स शेड को अचानक 28 मई से बंद कर सारा काम उसलापुर गुड्स शेड से करने के रेलवे के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। गत 29 मई को भी समर वेकेशन बेंच में हुई सुनवाई के दौरान रेलवे द्वारा यह कहा गया था कि 15 दिनों में उसलापुर में सभी सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाएंगी।

### रेलवे और यूनियन ने रखी अपनी बात

बुधवार को हुई सुनवाई के पूर्व याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव और मानस बाजपेई ने एक शपथ पत्र दाखिल किया और बताया कि जो स्थिति 29 मई को थी उसलापुर गुड्स शेड में लगभग वही स्थिति आज भी है। कोई भी बुनियादी सुविधाएं वहां उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। इसके विपरीत रेलवे के अधिवक्ता के द्वारा दाखिल शपथ पत्र में यह दावा किया गया कि वहां रेस्ट रूम, टॉयलेट आदि सभी सुविधाएं दे दी गई हैं। याचिकाकर्ताओं द्वारा इसका विरोध किया गया और कहा गया कि रेलवे के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के अध्ययन से यह साफ होता है कि जिस टॉयलेट और रेस्ट रूम का रेलवे जिक्र कर रही है वह वहां दो कमरे का एक छोटा सा मकान है जो उसलापुर गुड्स शेड से लगभग 1 किलोमीटर की दूरी पर है।

### सुविधाओं के बाद चालू करने में आपत्ति क्या है

याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि इसके अलावा कोई भी सुविधा गुड्स शेड साइड पर नहीं दी गई है। यहां तक की अभी भी वहां लाइट नहीं लगी है और जो पहुंच मार्ग है वह बहुत ही संकरा और बड़ी गाड़ियों के लिए खतरे से भरा है। सुनवाई में हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार के अधिवक्ता रमाकांत मिश्रा से पूछा कि आखिर सभी बुनियादी सुविधाएं पहले जुटा लेने के बाद शेड को चालू करने में आपत्ति क्या है। सुनवाई के दौरान कलेक्टर बिलासपुर के उस पत्र का भी जिक्र हुआ, जिसमें खाद की सप्लाई के लिए बिलासपुर गुड्स शेड को कम से कम सितंबर माह तक जारी रखना का अनुरोध किया गया है। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के विरोधाभासी बातों और तथ्यों को देखकर हाईकोर्ट ने इस मामले में एक निष्पक्ष जांच करना आवश्यक समझा और कलेक्टर के द्वारा बनाई गई कमेटी से जांच के निर्देश जारी किए।

## एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए कलादलों से आवेदन

बिलासपुर। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में जनजागरूकता गतिविधियों को प्रभावी बनाने के लिए कलादलों के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसके लिए पात्र एवं पंजीकृत कलादल/कला मंडलियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम द्वारा जारी सूचना के अनुसार ऐसे कलादल एवं कला मंडलियां, जो गीत एवं नाट्य विभाग भारत सरकार, जनसंपर्क विभाग, छत्तीसगढ़ संवाद, सूचना प्रसारण अथवा संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन में पंजीकृत हों, चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय कलादल प्रशिक्षण कार्यक्रम, लखनऊ से प्रशिक्षण प्राप्त कलादलों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। इच्छुक आवेदक अपने आवेदन आवश्यक दस्तावेजों सहित 18 जून को सायं 5 बजे तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, नूतन चौक, सरकंडा, बिलासपुर में जमा कर सकते हैं।

# कांग्रेसियों ने घेरा तिफरा विद्युत मंडल कार्यालय



**बिलासपुर।** बिजली बिल बढ़ोतरी के विरोध में बुधवार को कांग्रेस नेताओं ने अपने अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ तिफरा विद्युत मंडल कार्यालय का घेराव कर दिया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने जमकर हल्ला बोला। प्रदर्शन कर नारेबाजी की। बिजली बिल बढ़ोतरी का विरोध करते हुए इसे वापस लेने की मांग की।

बुधवार को कांग्रेस नेताओं ने बढ़ते बिजली बिल के विरोध में तिफरा विद्युत मंडल कार्यालय का घेराव कर दिया। यहां जमकर नारेबाजी करते हुए इसे वापस लेने की मांग की। जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर ग्रामीण एवं शहर के तहत संयुक्त तत्वाधान में बिजली बिल बढ़ोतरी पर आयोजित विद्युत मंडल कार्यालय तिफ़रा, के घिराव कार्यक्रम में अपने दर्जनों सहयोगियों सहित सम्मिलित हुए एवं राज्य सरकार के जन- विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार हल्ला बोल प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पूर्व ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि बिजली के नाम पर जनता की जेब काटना और फिर उसी जनता को अंधेरे में धकेलना सरकार की विफल व्यवस्था का सबसे बड़ा प्रमाण है। बढ़े हुए बिजली बिल और अघोषित कटौती के खिलाफ यह सिर्फ विरोध नहीं, बल्कि जनता के अधिकार और सम्मान की निर्णायक लड़ाई है। अब जनता की आवाज दबेगी नहीं, सरकार को जवाब देना होगा।" उन्होंने कहा कि यह संघर्ष किसी एक व्यक्ति या पार्टी का नहीं, बल्कि हर उस परिवार की लड़ाई है जो महंगे बिल और बिजली संकट का दर्द झेल रहा हैं। जनता के हक और सम्मान की इस लड़ाई में कांग्रेस सड़क से लेकर हर मोर्चे तक संघर्ष करती रहेगी।" इस दौरान विधायक अटल श्रीवास्तव, आशीष सिंह,राजेन्द्र शुक्ला, प्रमोद नायक त्रिलोक श्रीवास, मोहन जायसवाल, मनोज श्रीवास, आयुष सिंह राज, जितेन शर्मा जीतू, चरण सिंह राज, कौशल श्रीवास्तव, धनंजय कश्यप, हृदयेश कश्यप, सोनू राम साहू, शुभम श्रीवास, कौशल साहू, उत्तम सिंह ठाकुर, पवन सिंह ठाकुर, शत्रुघ्न सिंह ठाकुर, रवी बघेल, चंद्र प्रकाश केशरवाणी, दादू राम लास्कर, आनंद श्रीवास, अजय श्रीवास, प्रहलाद साहू, दशरथ सूर्या आदि ने मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### जमीन रिकार्ड ऑनलाइन करने के नाम पर पटवारी ने किसान से मांगे रिश्वत, शिकायत

**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा तहसील क्षेत्र के ग्राम रावा में एक ग्रामीण ने पटवारी पर जमीन ऑनलाइन करने के नाम पर रिश्वत मांगने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने जनदर्शन में शिकायत दर्ज कराते हुए कलेक्टर से कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसके पिता के नाम की जमीन का कब्जा वर्षों पहले मिला था, लेकिन अब तक ऑनलाइन दर्ज नहीं किया गया है। आरोप है कि पटवारी ने जमीन ऑनलाइन करने के एवज में 10 हजार रुपये की मांग की, जिसमें से 5 हजार रुपये दिए जाने के बाद भी काम नहीं हुआ। ग्राम रावा निवासी बुधवार साय यादव ने जनदर्शन में दिए आवेदन में बताया है कि उसके पिता घुरऊ साय यादव को वर्ष 2007 में तहसील कार्यालय से कब्जा जमीन की रसीद प्राप्त हुई थी। इसके बावजूद आज तक जमीन का रिकॉर्ड ऑनलाइन नहीं किया गया है। पीड़ित का आरोप है कि जमीन ऑनलाइन कराने के लिए संबंधित पटवारी ने 10 हजार रुपये की मांग की थी। ग्रामीण के अनुसार उसने 5 हजार रुपये की व्यवस्था कर पटवारी को दिए, लेकिन इसके बाद भी जमीन ऑनलाइन नहीं की गई। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि जब उसने शेष राशि देने में असमर्थता जताई तो उसे काम नहीं होने की बात कही गई। आर्थिक रूप से कमजोर होने का हवाला देते हुए उसने कलेक्टर से जमीन को ऑनलाइन दर्ज कराने तथा संबंधित पटवारी के खिलाफ जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

### भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सहसंयोजक चुलेश्वर बने जांजगीर जिला प्रभारी



**हरदीबाजार।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा, छत्तीसगढ़ द्वारा संगठनात्मक विस्तार एवं मजबूती के उद्देश्य से प्रदेश सहसंयोजक एवं जवाली मंडल प्रभारी चुलेश्वर राठौर को जांजगीर जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं राठौर समाज में हर्ष का वातावरण है। ज्ञात हो कि जांजगीर जिला राठौर समाज की उल्लेखनीय जनसंख्या वाला क्षेत्र माना जाता है। संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस जिले की जिम्मेदारी पार्टी नेतृत्व ने अनुभवी एवं सक्रिय कार्यकर्ता चुलेश्वर राठौर को सौंपी है। माना जा रहा है कि उनके अनुभव एवं संगठन क्षमता का लाभ किसान मोर्चा तथा भारतीय जनता पार्टी को जिले में मिलेगा। चुलेश्वर राठौर लंबे समय से सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय हैं।

### सीएमओ नेतराम का किया गया स्वागत



**कोरबा।** नगर पालिका परिषद दीपका में पदस्थ नए सीएमओ के रूप में नेतराम रत्नेश ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। उनके आगमन पर नगर के जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। औपचारिक स्वागत के पश्चात जनप्रतिनिधियों और समाजसेवी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी के साथ दीपका नगर के चहुंमुखी विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की। जिसमें नगर के सभी वार्डों में साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति और सुव्यवस्थित स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था को दुरुस्त करना हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग प्रदर्शन कार्यक्रम का होगा आयोजन

**कोरबा।** जिले में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग प्रदर्शन का जिला स्तरीय कार्यक्रम देवी अहिल्या बाई होलकर कन्वेंशन हॉल रजगामार रोड जिला जेल के पास प्रातः 7 से 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न अधिकारियों को जिम्मेदारी तय करते हुए प्राप्त दायित्वों का कुशलता से निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं। इस कार्यक्रम हेतु आयुक्त नगर पालिक निगम को नोडल अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी, जिला आयुष अधिकारी आदि को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# बदहाल बिजली व्यवस्था से आक्रोशित वार्डवासियों ने सौंपा ज्ञापन

## दीपका के कार्यपालन अभियंता को व्यवस्था सुधारने कहा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बातें**
- बिजली सुचारू नहीं हुई तो तालाबंदी व घेराव करने की दी है चैतावनी



दीपका के वार्ड क्रमांक 01 सोमवारी बाजार प्रेमनगर में पिछले डेढ़ महीने से जारी अघोषित बिजली कटौती और हाफ लाइन की समस्या को लेकर वार्डवासियों का गुस्सा फूट पड़ा वार्ड पार्षद कमलेश जायसवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पीड़ित महिलाओं ने दीपका विद्युत वितरण कार्यालय पहुंचकर कनिष्ठ अभियंता को ज्ञापन सौंपा। वार्डवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर बदहाल बिजली व्यवस्था को दुरुस्त कर सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई तो समस्त वार्डवासी बिजली कार्यालय की पूर्ण तालाबंदी और घेराव करेंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत वितरण विभाग की होगी।

इस दौरान वार्ड पार्षद कमलेश जायसवाल ने वितरण विभाग के विभागीय कार्यप्रणाली पर आरोप लगाते हुए कहा कि हमारे वार्ड के साथ लगातार भेदभाव किया जा रहा है। मूलभूत समस्या के लिए हमें संघर्ष करना पड़ रहा है वार्ड क्रमांक 01 की जनता भीषण गर्मी और उमस में रहने को मजबूर है लेकिन विद्युत वितरण विभाग दीपका कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। राज्य सरकार हर साल विद्युत मंडल को करोड़ों रुपए का ठेका व्यवस्था सुधारने के नाम पर देती है परंतु ठेकेदारों के गैर-जिम्मेदार कर्मचारियों की लापरवाही के कारण आम जनमानस को प्रताड़ित होना पड़ रहा है। एक तरफ जनता को बिजली नहीं मिल रही तो दूसरी तरफ अनाप-शनाप बिजली बिल भेजकर आर्थिक शोषण किया जा रहा है अगर एक हफ्ते में सुधार नहीं हुआ तो ऐतिहासिक घेराव होगा। प्रदर्शन में शामिल वार्ड की पीड़ित महिलाओं श्यामबाई, चवन बाई पटेल, सरस्वती कैवर्त्य, आशा सिंह, रोमा बाई, चमेली पटेल, लता उरांव, सीमा श्रीवास्तव, बीना चौहान, संजू सिंह आदि ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि एक महीने से अधिक समय से उमस और मच्छरों के कारण रात की नींद हराम हो चुकी है। घर के पुरुष जब दिनभर हाड़-तोड़ मेहनत कर लौटते हैं तो रात को सो नहीं पाते इसके चलते अगले दिन काम के दौरान आंखों में झपकी आती है जिससे कार्यस्थलों पर कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है लेकिन संवेदनहीन विभाग को नागरिकों की जानमाल की कोई परवाह नहीं है। सौंपे गए ज्ञापन में मुख्य रूप से वार्डवासियों ने लिखित अल्टीमेटम दिया है इस विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से पार्षद कमलेश कुमार जायसवाल सहित वार्ड की महिलाएं एवं नागरिक बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## चुनाव के समय की जाती है बिजली की व्यवस्था

# स्कूलों में बिजली कनेक्शन की जरूरत वैकल्पिक व्यवस्था करने की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के वनांचल क्षेत्र में संचालित स्कूलों में बिजली कनेक्शन की दरकार बनी हुई है। विशेषकर पहाड़ी क्षेत्र के स्कूलों में यह समस्या लंबे समय से विद्यमान है। चुनाव के समय स्कूलों में वैकल्पिक व्यवस्था कर बिजली की व्यवस्था की जाती है। इस बात को विभाग भी स्वीकारता है।

**खास बात**
- ग्रामीण अंचलों में पहाड़ी क्षेत्र के स्कूल जूझ रहे हैं अंधेरे में



फाइल फोटो

जिले में प्रायमरी से लेकर हायर सेकेंडरी स्कूलों की कुल संख्या 1400 के लगभग है। इन स्कूलों में प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला में बिजली की व्यवस्था को लेकर समस्या सामने आ रही है। हालांकि बिजली विभाग ने ग्रामीण अंचलों में बिजली पहुंचाकर ग्रामीण क्षेत्रों में शत प्रतिशत विद्युतीकरण करने का दावा किया है। पहाड़ी क्षेत्रों के गांवों में बिजली स्थायी रूप से पहुंचा दी गई है। बारिश के दिनों में यह व्यवस्था लचर रहती है। इन क्षेत्रों के स्कूलों की स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। जहां बिजली के कनेक्शन ही नहीं लिए गए हैं। इसके कई तकनीकी कारण हैं। बिजली सुविधा के दृष्टि से हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी में जरूर बिजली कनेक्शन मिले हैं। लेकिन बिजली बिल को लेकर हमेशा विभाग की ओर स्कूल प्रबंधन ताकते रहता है। विभाग से फंड नहीं आने के कारण बिजली बिल नहीं पटाए जाने की भी शिकायत बनी रहती है। बीते लोकसभा, विधानसभा चुनाव के दौरान मतदान कराने हेतु ऐसे सभी स्कूलों में बिजली व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। जहां मतदान केन्द्र बनाए गए थे। विभाग के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों के सभी स्कूल मतदान केन्द्र बने थे। जहां बिजली की व्यवस्था पंचायत के द्वारा वैकल्पिक रूप से कर दी गई थी।

### शहरी क्षेत्रों में मिली है सुविधा

शहरी क्षेत्र के स्कूलों में बिजली की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। हालांकि यहां भी बिजली बिल जमा करने जैसी समस्या बनी हुई है। किसी भी स्कूलों में बिजली बिल नहीं पटाए जाने की शिकायतें आई थी। बिजली विभाग के द्वारा अभी तक ऐसे शासकीय स्कूलों में बिजली बिल जमा करने हेतु कोई प्रशासनिक दबाव नहीं बनाया गया है। इस वजह से व्यवस्था संचालित हो रही है।

### कनेक्शन के लिए प्रधान पाठक को देना होता है आवेदन

स्कूल में बिजली कनेक्शन के लिए प्रधान पाठक को आवेदन देना होता है और बिजली बिल भी प्रधान पाठक के नाम पर आता है। इसी तकनीकी समस्या के कारण अधिकांश प्रधान पाठक बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन नहीं देते। स्थानांतरण होने के कारण बिजली बिल जमा करने को लेकर भी दुविधा बनी रहती है। इस स्थिति से निपटने के लिए स्कूल के शिक्षक पंचायत के माध्यम से अवैध रूप से बिजली की व्यवस्था कर लेते हैं। लगभग ढाई सौ स्कूल ऐसे हैं जहां वैध रूप से बिजली कनेक्शन नहीं लिये गए हैं। इन स्कूलों में बिजली कनेक्शन गांव के ही पंचायत के माध्यम से वैकल्पिक रूप से की गई है।

### चुनाव के समय मिली थी जानकारी

चुनाव के समय सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों ने अपने क्षेत्र के स्कूलों में बिजली की सुविधा होने की जानकारी दी थी। ग्रामीण क्षेत्रों में पहाड़ी क्षेत्र के ऐसे कई स्कूल हैं जहां पंचायत से ही वैकल्पिक रूप से बिजली की सुविधा दी गई है।

-टीपी उपाध्याय, डीईओ

# नीट पुनर्परीक्षा की तैयारियों का कलेक्टर एवं एसपी ने किया निरीक्षण


निरीक्षण करते कलेक्टर व एसपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नीट-यूजी पुनर्परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा संचालन से जुड़ी तैयारियों, सुरक्षा प्रबंधों एवं अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समयपूर्व एवं मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों में स्थापित सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन किया। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर परीक्षा की गोपनीयता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए। कलेक्टर श्री दुदावत ने सम्बंधित अधिकारियों को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अभ्यर्थियों के लिए सुगम एवं व्यवस्थित परीक्षा वातावरण उपलब्ध कराने की बात कही। साथ ही परीक्षा केंद्रों के भीतर व बाहर किसी भी संदिग्ध गतिविधि, व्यक्ति या अनाधिकृत प्रवेश पर विशेष ध्यान रखने एवं आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी ने परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते हुए सतत निगरानी एवं प्रभावी सुरक्षा प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित हो ऐसी व्यवस्था रहे।

# आंगनबाड़ी व पीडीएस भवन के निर्माण की जांच के लिए बनी तीन सदस्यीय टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनपद पंचायत पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवपुर के फुलवारीपारा में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी व पीडीएस भवन की गुणवत्ता को लेकर शिकायत सुशासन तिहार में की गई

**खास बात**
- सुशासन तिहार में फुलवारीपारा के ग्रामीणों ने की थी शिकायत


निर्माणधीन पीडीएस भवन।

शिकायत पर जिला प्रशासन ने आरईएस के अधिकारियों की 3 सदस्यीय जांच टीम गठित की है। जिनके द्वारा निर्माण कार्य की तकनीकी जांच की जाएगी।

पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम शिवपुर के फुलवारीपारा के ग्रामीणों ने सुशासन तिहार के दौरान आंगनबाड़ी भवन और पीडीएस भवन के निर्माण को लेकर गुणवत्ताविहीन एवं घटिया निर्माण सामग्री उपयोग किए जाने की शिकायत की गई थी। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आरईएस के कार्यपालन अभियंता ने जांच के आदेश दिए हैं। बताया जाता है कि आंगनबाड़ी भवन छोटे बच्चों के लिए बन रहा है। वहीं पीडीएस भवन भी खाद्यान सामाग्री भंडारण व वितरण हेतु निर्मित हो रहा है, घटिया निर्माण के बाद कभी भी हादसा हो सकता है, गुणवत्ता से समझौता बच्चों और ग्रामीणों के लिए जान का खतरा बन सकता है। तत्कालीन सरपंच राजू जगत ने भवनों की गुणवत्ता जांच की मांग की है, जिसके आधार पर कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोरबा ने जांच के लिए 5 जून को तीन सदस्यीय टीम गठित कर दी है, जिसमे ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग करतला अनुविभागीय अधिकारी हरिनारायण सिंह राज, कटघोरा उप संभाग अनुविभागीय अधिकारी अनुज कुमार भार्गव व कोरबा उपसंभाग उपअभियंता विकास चेलक शामिल हैं। कार्यपालन अभियंता ने टीम को निर्देशित किया है कि उक्त निर्माण कार्य से संबंधित मांग/ शिकायत की विस्तृत जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें, साथ ही यह भी कहा गया है कि शिकायतकर्ता की उपस्थिति में जांच की जाए। सरपंच शिवपुर को भी जांच के दौरान उपस्थित रहने को कहा गया है। जांच आदेश की प्रतिलिपि कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ व पाली जनपद सीईओ को भी सूचनार्थ भेजी गई है और जनपद सीईओ पाली को निर्देशित किया गया है।

# शराबी वाहन चालक, तीन सवारी और नियम तोड़ने वालों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा।



कटघोरा में जांच कार्यवाही के दौरान पुलिस की टीम।

जिले में यातायात व्यवस्था को सुचारू, सुरक्षित और अनुशासित बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर बुधवार को विशेष यातायात जांच अभियान चलाया गया। अभियान के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग-130 पर सुतर्रा-रापाखर्रा पुल के समीप पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है।

कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी तथा पाली थाना प्रभारी नागेश तिवारी की संयुक्त टीम और पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। पुलिस की संयुक्त टीम ने एनएच-130 पर वाहनों की गहन जांच करते हुए दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान तीन सवारी बैठाकर मोटरसाइकिल चलाने वाले चालकों को रोककर उनके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। साथ ही शराब के नशे में वाहन चलाने वाले चालकों की भी जांच कर उन पर चालानी कार्रवाई की गई। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाना सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने ब्लैक फिल्म लगी चारपहिया गाड़ियों की भी जांच की। जिन वाहनों में नियमों के विपरीत काली फिल्म लगी पाई गई, उन पर कार्रवाई करते हुए मौके पर ही ब्लैक फिल्म हटवाई गई। अधिकारियों ने वाहन मालिकों को यातायात नियमों का पालन करने और निर्धारित मानकों के अनुसार वाहन संचालित करने की हिदायत दी। अभियान के दौरान कटघोरा शहर में नो-एंट्री समय के दौरान प्रवेश करने वाले भारी वाहनों पर भी पुलिस ने सख्ती दिखाई। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए इस तरह के विशेष अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे। आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करें।

## बाईपास के निर्माण से लंबी दूरी के वाहनों को सुविधा मिलेगी

# राष्ट्रीय राजमार्ग एवं रतनपुर बाईपास का सचिव बंसल ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश बंसल ने आज बिलासपुर जिले में निर्माणाधीन सड़क परियोजनाओं का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता की समीक्षा की। इस दौरान उनके साथ लोक निर्माण विभाग के ईएनसी वीके भतपहरी, मुख्य अभियंता आरके रात्रे, मुख्य अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग ज्ञानेश्वर कश्यप, मुख्य अभियंता ईएंडएम जीएस मंडावी, अधीक्षण अभियंता केपी संत एवं एनके लाल सहित विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदार उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान सचिव श्री बंसल ने राष्ट्रीय राजमार्ग डिवीजन द्वारा रतनपुर से कबीर चौरा तक निर्मित की जा रही सड़क का अवलोकन किया। लगभग 510 करोड़ रुपये की लागत से 97 किलोमीटर लंबी इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना का निर्माण कार्य प्रगति पर है। परियोजना पूर्ण होने पर बिलासपुर, रतनपुर, कोटा, पेंड्रा और गौरेला क्षेत्र के बीच आवागमन अधिक सुगम होगा तथा यात्रियों को बेहतर और सुरक्षित सड़क सुविधा उपलब्ध होगी। इसके साथ ही व्यापारिक गतिविधियों एवं क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी। श्री बंसल ने इस प्रकल्प के तहत बन रहे लगभग 7 किलोमीटर लंबी रतनपुर बाईपास सड़क का भी निरीक्षण किया। यह बाईपास रतनपुर नगर में भारी वाहनों के दबाव को कम करने, यातायात को सुचारू बनाने तथा दुर्घटनाओं की संभावना को घटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बाईपास के निर्माण से लंबी दूरी के वाहनों को नगर क्षेत्र में प्रवेश किए बिना आवागमन की सुविधा मिलेगी, जिससे यात्रा समय और ईंधन की बचत भी होगी। कुछ स्थानों पर निर्माण गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर सचिव ने संबंधित ठेकेदार को आवश्यक सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण होने तक संबंधित भुगतान रोककर रखा जाए। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि कुछ स्थानों पर भूमि अर्जन संबंधी प्रकरणों के कारण निर्माण कार्य प्रभावित हुआ है।

इस पर सचिव ने जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि परियोजना कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जा सके। सचिव श्री बंसल ने अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि सड़क परियोजनाएं क्षेत्र के विकास और जनसुविधा से सीधे जुड़ी हैं। इसलिए सभी कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण किए जाएं, ताकि आम नागरिकों को इनका अधिकतम लाभ मिल सके।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**कोरबा।** बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोड़ी उपरोड़ा निवासी सुशीला कंवर उम्र 26 वर्ष 14 जून को घर पर सोयी हुई थी इस दौरान किसी जहरीले सर्प ने डस लिया था जब परिजनों को इसका पता चला तो उसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान बुधवार को उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्प्लेक्स, कोरबा मो. 7049267780